# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 30 अप्रैल 2026


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 बालोद में खाद्य व औषधि प्रतिष्ठानों पर सख्ती, 15 दिनी विशेष ...



13 भीषण गर्मी में राहत की मिसाल: नगर पालिका ने ...





## खबर संक्षेप



### ग्राम बघमरा रेत खदान की जांच, अवैध उत्खनन नहीं मिला

**बालोद**। जिला खनि अधिकारी प्रवीण चन्द्राकर ने बताया कि ग्राम बघमरा में रेत खदान में अवैध उत्खनन के संबंध में मौका जांच कराया गया। जांच के दौरान उपस्थित वार्ड नं. 01 के पार्षद पोषण निषाद व अन्य ग्रामीणजन मौजूद रहे। इस दौरान रेत का उत्खनन पूर्णतः बंद पाया गया। पार्षद द्वारा बताया गया कि रेत के अवैध उत्खनन की जानकारी उन्हें नहीं है। बीच–बीच में गांव वाले घर बनाने के लिए रेत का उत्खनन, परिवहन किया जाता है। खनिज विभाग द्वारा पार्षद पोषण निषाद को अवगत कराया गया कि भविष्य में यदि किसी व्यक्ति द्वारा रेत उत्खनन, परिवहन कर ग्राम से बाहर बेचा जाता है या व्यवसायिक उपयोग किया जाता है तो उसकी सूचना तत्काल विभाग दें, जिससे त्वरित कार्यवाही की जा सके।

### जनगणनाः अधिकारियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



**बालोद**। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जनगणना 2027 के कार्यों को सफलतापूर्वक संपादित करने हेतु जनगणना कार्य में लगे अधिकारी–कर्मचारियों को निरंतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज संयुक्त जिला कार्यालय के ऑडिटोरियम में सभी प्रभारी अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनर्स की बैठक आयोजित कर 01 मई से 30 मई तक आयोजित होने वाली जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों के गणना कार्य के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा–निर्देशों की जानकारी दी गई। इस दौरान आम नागरिकों को ऑनलाईन स्वगणना पत्र की जानकारी भरने के संबंध में भी जानकारी देने को कहा गया। इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी अजय किशोर लकरा, डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक नोडल अधिकारी प्राची ठाकुर सहित जनगणना कार्य में लगे अधिकारीगण उपस्थित थे।

### जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक 30 को

**बालोद**। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक 30 अप्रैल को आयोजित की गई है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बालोद के महाप्रबंधक ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती मिश्रा की अध्यक्षता में जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक 30 अप्रैल को 12 बजे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधितों को निर्धारित तिथि एवं स्थान में उपस्थित होने को कहा गया है।

### गुरुर में निःशुल्क कोचिंग व कैरियर गाइडेंस शिविर

**गुरुर**। तहसील साहू संघ गुरूर द्वारा कक्षा दसवीं एवं 12वीं में अध्ययन सर्व समाज के छात्र–छात्रओं के लिए निःशुल्क कोचिंग कक्षाएं व कैरियर गाइडेंस शिविर का आयोजन 1 मई से किया गया है। कोचिंग क्लास साहू सदन में सुबह 7.30 से 9.30 बजे तक रखा गया है। तहसील साहू समाज अध्यक्ष मिथलेश साहू, सचिव खेदुराम साहू ने बताया कि निःशुल्क कोचिंग क्लास में सर्व समाज के विद्यार्थी लाभ ले सकते हैं। जिसमें पंजीयन शुल्क 100 रुपये रखा गया है। पंजीयन के लिए अध्यक्ष मिथलेश साहू, सचिव खेदुराम साहू, सह सचिव सूरज गोपाल गंगबेर, संयोजक अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जगत राम साहू व सुरेश साहू से संपर्क कर सकते हैं।

# बोर्ड मेरिट सूची से बालोद गायब, डेढ़ दशक बाद बनी स्थिति, टॉप-10 में जिले का कोई छात्र नहीं


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

डेढ़ दशक बाद जिला का नाम प्रदेश को बोर्ड परीक्षा की प्रवीण्य सुची से गायब है। इससे शिक्षा विभाग की तैयारी एवं उनके दावों की पोल खोलकर रख दी है। बुधवार को छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

■ जिले में गिरते शैक्षणिक स्तर से अभिभावकों में चिंता का माहौल

परीक्षा के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी दोनों ही परीक्षाओ की प्रदेश की प्रवीण्य सूची में बालोद का नाम नदारद रहा। जिला का कोई भी विद्यार्थी प्रदेश प्रवीण्य सूची में टाप 10 में अपना स्थान नहीं बना सका। संभवतः डेढ़ दशक बाद ऐसी स्थिति बनी है। जब परीक्षा परिणाम के बाद प्रवीण्य सूची में बालोद जिला का नाम नहीं हो। प्रवीण्य सूची में बालोद जिला का नाम नही होने से जिले में निराशा का माहौल है। इसके लिए शिक्षा विभाग की कार्यशील पर सवालिया निशान लग रहे है। बताते है कि जबकि जिला प्रशासन द्वारा मेरिटोरियस बच्चों को परीक्षा की तैयारी के संबंध में विशेष कोचिंग एवं शैक्षणिक व्यवस्था की गई थी। यह अलग बात है कि वहां की कथित व्यवस्था को लेकर बच्चों मे नाराजगी थी व कुछ बच्चे बीच मे ही चले गए थे। उस शिविर में भी व्याप्त कथित अव्यवस्था जिला में चर्चा का विषय रहा रहा था। सभी तैयारी व उसके लिए लाखों खर्च करके भी प्रवीण्य सूची में किसी बच्चे का नाम नहीं आना शिक्षा विभाग की पोल खोलने के लिए पर्याप्त है।

## मेधावी छात्रों के लिए विशेष कोचिंग के बावजूद नहीं मिला परिणाम



### शिक्षा के गिरते स्तर को सुधारने के लिए सुझाव

आरोप है कि बीते कुछ माह से जिला का शिक्षा विभाग एक प्रयोगशाला बन कर रह गया है। शिक्षा के बड़े अधिकारियों से मिलना एवं बात करना बहुत कठिन कार्य हो गया है। विभाग में भ्रष्टाचार की शिकायतें लगातार सामने आ रही है। ऐसे में शिक्षा का स्तर का गिरना भी चिंता का विषय बन गया है। इस संबंध में शिक्षा विभाग के आला अधिकारी से चर्चा का प्रयास किया गया लेकिन चर्चा नहीं हो सकी। इस संबंध मे शालेय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने कहा 10 वीं और 12 वी बोर्ड परीक्षा के प्रदेश मेरिट में बालोद जिले का नामोनिशान नही होना अत्यंत निराशाजनक है, इसका कारण बालोद जिले में हुए अनावश्यक और अव्यवहारिक प्रयोग प्रमुख कारणों में से एक है। विद्यालय में शिक्षकों को बच्चों के स्तर अनुरूप तैयारी कराने हेतु फ्रीडम न देकर जिले से सबके लिए एक जैसे निर्देश देना, सभी परीक्षाओं को जिले से लेना, जिले से दिए प्रश्नबैंक से तैयारी के निर्देश ये सब भी अपेक्षानुरूप परिणाम नही आने में सहायक कारण है।

## अपराध : पूर्व कर्मचारी सहित गिरोह का खुलासा, पूर्व कर्मचारी अजय देवांगन की भूमिका संदिग्ध

# दल्लीराजहरा में लोन के नाम पर फर्जीवाड़ा फर्जी दस्तावेजों से 11.40 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा में लोन के नाम पर सुनियोजित तरीके से की जा रही ठगी का एक बड़ा और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। फर्जी दस्तावेजों के सहारे फाइनेंस कंपनी को लाखों रुपये का नुकसान पहुंचाने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए 17 से अधिक आरोपितों पर अपराध दर्ज किया है। इस पूरे मामले ने शहर में सनसनी फैला दी है। मामले की शुरुआत तब हुई जब कमल मोटर्स के संचालक और 'अरिष्ट फाइनेंस कंपनी' के डायरेक्टर विनोद जैन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

■ फर्जी नौकरी और सैलरी स्लिप दिखाकर लिया लोन

जांच में खुलासा हुआ कि वर्ष 2024 के दौरान कई लोगों ने फर्जी नौकरी और आय के दस्तावेज प्रस्तुत कर लोन हासिल किया। शुरुआत में कुछ किस्तें जमा कर भरोसा बनाया गया, लेकिन बाद में भुगतान पूरी तरह बंद कर दिया गया। कंपनी द्वारा कराई गई आंतरिक जांच में यह सामने आया कि आरोपियों ने खुद को शिक्षा विभाग और फायर सर्विस में कार्यरत बताकर जाली नियुक्ति पत्र और फर्जी सैलरी स्लिप जमा की थी। इस सुनियोजित साजिश के तहत 11 लाख 40 हजार रुपये से अधिक की राशि ली गई।

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि इस पूरे गिरोह का संचालन कंपनी के पूर्व कर्मचारी अजय देवांगन और गरियाबंद निवासी एजेंट अमर मरकाम कर रहे थे। आरोप है कि अजय देवांगन ने कंपनी में रहते हुए ही इस ठगी की नींव रखी और नौकरी छोड़ने के बाद भी ग्राहकों से वसूली करता रहा। जब लोगों ने अपनी रकम वापस मांगी तो उसके द्वारा दिए गए चेक बाउंस हो गए, जिससे पूरे मामले की परतें खुलती चली गईं।

## 17 से अधिक आरोपितों पर केस दर्ज




### अब ठगों की खैर नहीं

पुलिस ने इस मामले में प्रतिमा यादव, मुस्कान वंदेवार, भागवत प्रसाद साहू, मुकेश कुमार, सूरज कुमार, राकेश उपाध्याय, यादराम निषाद, संतोष कुमार यादव, नरोत्तम तारम, अमन कुमार, जगन लाल, विनोद कुमार निषाद, राहुल उपाध्याय और पूनाराम विश्वकर्मा सहित अन्य को आरोपित बनाया है। सभी के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468 और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद दल्लीराजहरा में हड़कंप मचा हुआ है। यह मामला एक चेतावनी है कि फर्जीवाड़े के जरिए आसान पैसा कमाने की कोशिश अब सीधे जेल तक पहुंचा सकती है। पुलिस की सख्ती और बढ़ती निगरानी ने साफ कर दिया है कि अब ठगों की खैर नहीं।

### गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान भी की जा रही

नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाटले ने कहा कि यह एक संगठित आर्थिक अपराध है, जिसमें कई लोग मिलकर फर्जी दस्तावेजों के जरिए वित्तीय संस्थान को नुकसान पहुंचा रहे थे। पुलिस हर पहलू की गहराई से जांच कर रही है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान भी की जा रही है। दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। 17 लोगों के खिलाफ में अपराध दर्ज किया गया है जांच जारी है सूक्षम जांच के बाद और भी नाम सामने आ सकते हैं। विनोद जैन का कहना है कि कंपनी ने नियमों के तहत सभी प्रक्रियाएं पूरी की थीं, लेकिन आरोपितों ने चालाकी से सिस्टम का दुरुपयोग किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की धोखाधड़ी कर कंपनी को नुकसान पहुंचाती है।

# हसदा में ओपन जिम निर्माण में लापरवाही, जांच के लिए टीम गठित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

ग्राम पंचायत हसदा में डेढ़ साल पूर्व स्वीकृत ओपन जिम का कार्य समाचार प्रकाशन के बाद कार्य प्रारंभ हो गया। लेकिन सूचना बोर्ड में नाम लिखने के बाद फिर बंद हो गया है। इधर मामले की गंभरता को देखते हुए जनपद पंचायत प्रशासन ने दो सदस्यीय जांच टीम गठित कर दी है। जिन्हे सात दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट देनी है।

■ राशि आहरित के बावजूद डेढ़ साल तक नहीं हुआ निर्माण

ग्राम पंचायत हसदा में जिला खनिज न्यास निधि से 10 लाख रुपए ओपन जिम व गार्डन निर्माण के लिए स्वीकृत किया गया था। स्वीकृति 2024–25 में दी गई थी। 2024 में पंचायत ने राशि आहरित कर ली थी, लेकिन पंचायत ने कार्य नहीं कराया था। मामले में समाचार प्रकाशन के बाद पंचायत ने आनन फानन में कार्य स्थल में सूचना बोर्ड लगाया। जो बोर्ड 2024 में लग जाना था, उसे पंचायत ने डेढ़ साल बाद समाचार प्रकाशित कर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने के बाद लिखवाया है। वह भी अधूरा है, बोर्ड से कार्य की पुरी जानकारी स्पष्ट नहीं है।

मामले मे जनपद पंचायत ने अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग भानुप्रताप बंजारे व उपअभियंता जनपद पंचायत त्रिलोक डेहरिया की दो सदस्यीय जांच टीम गठित की है। जांच टीम को 7 विस के भीतर अपनी जांच रिपोर्ट देने कहा गया है।

# भालुकोन्हा पंचायत सचिव निलंबित वित्तीय व प्रशासनिक गड़बड़ियां उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जिला पंचायत बालोद द्वारा जारी आदेशानुसार ग्राम पंचायत भालुकोन्हा के पंचायत सचिव पुनीत राम ठाकुर को वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं के चलते निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई शिकायत की जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है।

■ जांच रिपोर्ट में अनियमितताएं साबित, सीईओ जिला पंचायत ने जारी किया आदेश

जांच में पाया गया कि पंचायत की रोकड़ बही का संधारण फरवरी 2026 तक ही किया गया था। वाउचर फाइल में बिना बिल के दस्तावेज संलग्न किए गए थे और कई स्थानों पर रिकॉर्ड अधूरा छोड़ा गया था। इसके साथ ही भुगतान दस्तावेजों में केवल सरपंच के हस्ताक्षर पाए गए, अन्य पंचों के हस्ताक्षर नहीं थे। इसके अलावा 16 फरवरी 2026 को आयोजित पंचायत बैठक में भी पंचों के हस्ताक्षर नहीं मिले तथा करारोपण पंजी उपलब्ध नहीं थी। अप्रैल माह में ग्रामसभा की बैठक भी आयोजित नहीं की गई, जो नियमों का उल्लंघन है। इन सभी तथ्यों को छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 के विपरीत मानते हुए छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम 1999 के तहत कार्रवाई करते हुए सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि निलंबन अवधि में संबंधित कर्मचारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा तथा उनका मुख्यालय जनपद पंचायत डौंडीलोहारा रहेगा।

# लीना साहू ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ मेरिट सूची में बनाया स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा घोषित हाई स्कूल परीक्षा परिणाम 2026 में क्षेत्र की प्रतिभाशाली छात्रा लीना साहू ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश की मेरिट सूची में 18वें स्थान (टॉप-10 में सातवें स्थान के समकक्ष श्रेणी) पर अपनी जगह बनाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

■ साधारण परिवार की बेटी ने कठिन परिस्थितियों में हासिल की बड़ी सफलता

ग्राम खरथुली (बड़गांव) की मूल निवासी लीना साहू साधारण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आती हैं। उनके पिता पितांबर साहू भिलाई के सुरडुंग क्षेत्र में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं, जबकि



माता भारती बाई साहू गृहिणी हैं।

पारिवारिक परिस्थितियों के बावजूद लीना ने अपनी मेहनत और लगन से यह उपलब्धि हासिल की। प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने भिलाई के शासकीय विद्यालय में प्राप्त की, इसके बाद कक्षा 8वीं में प्रयास आवासीय विद्यालय की परीक्षा उत्तीर्ण कर उनका चयन नवीन ओबीसी प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय, बिलासपुर में हुआ, जहां से उन्होंने आगे ▶▶| शेष पेज 13 पर

# जनप्रतिनिधियों ने दिखाया असहयोग खुरसुनी शिविर से सामूहिक दूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रशासन द्वारा कथित तौर पर लगातार उपेक्षित हो रहे निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने सरकारी कार्यक्रमों से दूरी बनाने की अपनी घोषणा पर अमल करना प्रारंभ कर दिया है। यही कारण है कि गुण्डरदेही विकास खण्ड के ग्राम खुरसुनी में बीते दिनों आयोजित समस्या निवारण शिविर में गुण्डरदेही क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधि एक साथ नदारद थे।

जिले में निर्वाचित जनप्रतिनिधि लगातार जिला प्रशासन पर उनकी उपेक्षा का आरोप लगाते रहे है। गुरुर विकास खण्ड के ग्राम अरमरीकला मे आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में तो जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी अशोक साहू इसी कथित उपेक्षा के चलते कथित तौर बीच शिविर से चली गई थी।

इस मामले में अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी तीखे तेवर दिखाए थे। आम तौर पर शांत रहने वाले जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन

■ प्रशासन की कथित उपेक्षा से नाराजगी, बड़े नेता कार्यक्रम में रहे नदारद

देशमुख ने भी कड़ा रुख अपनाया था। उन्होंने हरिभूमि से चर्चा करते हुए पंशासन को चेतावनी भी दी थी कि यदि प्रशासन ने अपना व्यवहार नहीं बदला तो सरकारी कार्यक्रमों में असहयोग करेंगे। इसके बाद पहला सार्वजनिक प्रशासनिक कार्यक्रम गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम खुरसुनी में आयोजित हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणि पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जनपद पंचायत गुण्डरदेही अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, जनपद पंचायत गुण्डरदेही उपाध्यक्ष मोंटी यादव तीनों एक साथ अनुपस्थित थे। तीनों की एक साथ अनुपस्थित को प्रशासन के प्रति जनप्रतिनिधियों की नाराजगी के रूप में देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि प्रशासन के उपेक्षा के चलते ही तीनों प्रशासनिक कार्यक्रम से दूरी बनाई है।

बताया जा रहा है कि कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एसडीएम व सहायक नोडल अधिकारी ने व्यक्तिगत रुप से जनप्रतिधियों को कार्यक्रम के लिए आमंत्रण दिया था।

मामले में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणि पुष्पेंद चंद्राकर से बात नहीं हो सकी। जनपद अध्यक्ष गुण्डरदेही पुरुषोत्तम ▶▶| शेष पेज 13 पर

## सड़क, नाली और स्ट्रीट लाइट कार्यों में तेजी लाने की मांग

# भाजपा पार्षदों ने नए सीएमओ से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी पार्षदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बालोद नगर पालिका के नवनियुक्त सीएमओ खिरोद्र भोई से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य शहर की जनसमस्याओं और विकास कार्यों पर चर्चा करना था। मुलाकात करने वालो में सभापति प्रीतम शेखर यादव, गोकुल ठाकुर, पुष्पा साहू, गोमती रात्रे, श्यामा यादव पार्षदगण सुनीता मनहर, कांति साहू, दीपक लोढा प्रमुख रहे। नवनियुक्त सीएमओ के साथ हुई इस चर्चा में भाजपा

■ नक्शा पास और प्रमाण पत्र प्रक्रिया को सरल बनाने का सुझाव

■ पीएम आवास, पेंशन, पेयजल व सफाई व्यवस्था सहित विकास कार्यों पर हुई चर्चा



पार्षदों ने उन बुनियादी सुविधाओं पर जोर दिया, जो सीधे तौर पर आम नागरिकों के दैनिक जीवन को प्रभावित करती हैं। पार्शदों द्वारा पीएम आवास हितग्राहियों के रुके हुए किस्तों के भुगतान में तेजी लाने की मांग की गई। नए पात्र आवेदनों की प्रगति और आवास निर्माण की गुणवत्ता पर चर्चा हुई। वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन के लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण करने कहा गया।

पार्शदों द्वारा यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि पात्र व्यक्तियों को समय पर आर्थिक सहायता मिले। नक्शा पास करने की प्रक्रिया में होने वाली देरी को कम करने और इसे और अधिक पारदर्शएँ बनाने का सुझाव दिया गया।

जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग की गई, ताकि जनता को बार–बार कार्यालय के चक्कर न काटने पड़ें। पार्षदों ने अपने–अपने क्षेत्रें में रुकी हुई विकास परियोजनाओं, जैसे कि सड़क मरम्मत, नालियों की सफाई और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था पर भी ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। मुलाकात के दौरान गर्मियों के मौसम को देखते हुए पेयजल की सुचारू आपूर्ति और शहर में स्वच्छता अभियान को और प्रभावी बनाने की मांग रखी गई। सीएमओ ने पार्षदों की बातों को गंभीरता से सुना और नियम अनुसार समस्याओं के त्वरित निराकरण का भरोसा दिलाया।

# डोकला में दुकान से हजारों की चोरी 10 दिन बाद भी पुलिस जांच नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

क्षेत्र में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नही ले रही है, जिसके चलते हैं आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

मामला ग्राम डोकला का है जहां रात्रि में अज्ञात व्यक्ति द्वारा दुकान के सामान एवं नगदी लगभग 3000 रुपए सहित कुल मिलाकर 18 से 20 हजार की चोरी कर ली गई है। जिसकी सूचना पुलिस विभाग को दी गई है, किंतु अब तक पुलिस विभाग द्वारा जांच नहीं किया गया है। दुकान संचालक बंशी लाल यादव ने बताया कि प्रतिदिन की तरह रात्रि में दुकान बंद करके घर चला गया। जहां सुबह देखा तो शटर के ताले टूटे हुए थे, दुकान के अंदर जाकर सामान अस्त व्यस्त पड़े हुए थे एवं गल्ले में रखा 3000 रुपए गायब थे। जिसकी सूचना तत्काल गुरुर पुलिस को किया गया। सीसीटीवी फुटेज में लगभग रात्रि 2.30 से 3.15 में संदिग्ध को ▶▶| शेष पेज 13 पर

■ सीसीटीवी में दिखा संदिग्ध, कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी

## खबर संक्षेप

### रिसाली क्षेत्र में गहराया जल संकट, शिकायत

**भिलाई।** भीषण गर्मी के बीच रिसाली नगर निगम क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का संकट गहराता जा रहा है। पानी की किल्लत, जर्जर सड़कें, गंदगी से भरी नालियां और उपेक्षित तालाबों को लेकर अब जनआक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा ने रिसाली नगर निगम पहुंचकर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। संजीत विश्वकर्मा ने कहा कि रिसाली नगर निगम आज गर्मी की मार में जल रहा है। स्टेशन मरौदा सहित कई वार्डों में महीनों से समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इनकी ओर ध्यान देने को तैयार नहीं हैं। वार्ड 16,17, 18 ,19 ,20,21 का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यहां के लोग इस भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष की गीतेश्वरी बघेल भी मौजूद रहीं, जिन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को गंभीर बताते हुए कहा कि यह केवल एक-दो वार्ड की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे रिसाली क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का ढांचा चरमरा गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में गोविंदेश्वर वर्मा, बसंती साहू, रीता नोहारी, गीता नोहारी, लावती नोहारी, प्रेमन देवी, मालती यादव, गोनमती और अर्जुन चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

### एग्जाम के परिणाम घोषित नहीं, फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 तय

**दुर्ग।** विश्वविद्यालय ने 16 अप्रैल को सूचना जारी किया है कि आगामी सेमेस्टर कक्षाओं के परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थी बड़ी दुविधा में फंसे हुए है कि आखिर वो अपने परीक्षा फॉर्म भरे तो भरें कैसे। दिसंबर जवनरी में खत्म हुए सेमेस्टर एग्जाम के परीक्षा परिणाम 3 माह से ज्यादा गुजर जाने के बाद भी आज तक जारी नही हो पाए हैं, ऐसे में सवाल उठता है कि यह आदेश कैसे मान्य होगा। साइंस कॉलेज छात्रसंघ के पूर्व सचिव राहुल कुमावत ने कहा कि विद्यार्थी एक दिन विलम्ब करने पर उनसे विलंब शुल्क वसूला जाता है, ऐसा आदेश में भी कहा गया है। ऐसी परिस्थिति में तारीख बढ़ाना आवश्यक है।

### नवदंपती को चुनरी व मिठाई की भेंटकर दिया आशीर्वाद

**भिलाई।** सामाजिक संस्था दिशा ने अग्रसेन भवन भिलाई में आयोजित सामूहिक सरल विवाह समारोह में नवदंपतियों को आशीर्वाद स्वरूप चुनरी और मिठाई भेंट की। कार्यक्रम में संगीत गुरु अलका देशपांडे का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान दिशा की महिला सदस्यों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ सेवा कार्य में भाग लेते हुए दान सामग्री का सुव्यवस्थित वितरण किया। उनकी सहभागिता ने यह संदेश दिया कि सामाजिक कार्यों में महिलाओं की भूमिका न केवल महत्वपूर्ण है, बल्कि प्रेरणादायक भी है। चुनरी एवं मिठाई जैसे पारंपरिक उपहार भारतीय संस्कृति में शुभता और सम्मान का प्रतीक माने जाते हैं, जिससे इस पहल का महत्व और बढ़ जाता है। इस दौरान राजेश धारकर, जवाहर, उत्तम डे, नरसिम्हा राव, शांतनु दासगुप्ता, भास्कर देवनाथ, अंजन रायचौधरी आदि उपस्थित थे।

### गायत्री परिवार का जन्मशताब्दी साधना संकल्प अभियान

**भिलाई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की गायत्री साधना अनुष्ठान के 100 वर्ष पूर्ण होने, शांतिकुंज में प्रज्वलित अखंड दीप के 100 वर्ष तथा गायत्री परिवार की सह-संस्थापिका भगवती देवी शर्मा के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में इस वर्ष को विशेष साधना संकल्प वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। द्वितीय चरण की गोष्ठी गायत्री शक्तिपीठ रामनगर, सुपेला भिलाई में आयोजित की गई।बसंत पंचमी से प्रारंभ हुए इस साधना संकल्प अभियान की महत्ता को जन-जन तक पहुंचाने और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने के उद्देश्य से शांतिकुंज के प्रतिनिधि एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सुखदेव निर्मलकर के मार्गदर्शन में दुर्ग-भिलाई सहित पूरे प्रदेश के गायत्री शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ एवं प्रज्ञा संस्थानों में लगातार गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है।

# स्कूलों में शौचालय की सुविधा और स्वच्छता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

राज्यपाल रमेन डेका ने मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में जिले के ब्लॉक स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान राज्यपाल ने लोक निर्माण विभाग के प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण भी किया। राज्यपाल ने निर्देश दिए कि अधिकारी हितग्राहियों से व्यक्तिगत रूप से मिलें और विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का फीडबैक ले। सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

बैठक के दौरान राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जल संरक्षण से जुड़े प्रयासों का आकलन करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए प्री-मानसून और पोस्ट-मानसून दोनों अवधियों में भूजल स्तर का नियमित और व्यवस्थित मापन किया जाए। उन्होंने कहा कि इन दोनों समयावधियों के आंकड़ों की तुलना करने से यह स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा कि वर्षा के साथ-साथ जिले में चलाए गए जल संवर्धन अभियानों जैसे सोखपीट निर्माण और अन्य संरचनाओं का भूजल स्तर पर कितना सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यदि इस प्रक्रिया को नियमित रूप से अपनाया जाता है, तो न केवल जल स्तर में हो रही वास्तविक वृद्धि का सही आंकलन संभव होगा, बल्कि जल संरक्षण के प्रयासों को और बेहतर दिशा भी दी जा सकेगी। बैठक में कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव, एसडीएम भिलाई-3 महेश राजपूत, एसडीएम धमधा सोनल डेविड, एसडीएम उत्तम ध्रुव, नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव पाण्डेय, नगर निगम दुर्ग आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## राज्यपाल रमेन डेका ने ली ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक



### पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण को लेकर अभियान

राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्कूलों, कॉलेजों, शासकीय भवनों, सड़कों के किनारे तथा सिविल क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कराने को कहा, ताकि पर्यावरण संतुलन बनाए रखा जा सके। राज्यपाल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से आम लोगों की सहभागिता बढ़ेगी और वे वृक्षारोपण के प्रति अधिक जागरूक एवं प्रेरित होंगे।

### बीईओ हर स्कूल का करेंगे निरीक्षण रिपोर्ट सौंपेंगे डीईओ को

राज्यपाल ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से स्कूलों में शौचालय की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक स्कूल में शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा वे साफ-सुथरे और उपयोग योग्य स्थिति में हों। उन्होंने ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलों के शौचालयों का निरीक्षण करने के लिए कहा। राज्यपाल ने यह भी जोर दिया कि शौचालयों की नियमित सफाई और रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके साथ ही राज्यपाल ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि ड्रॉपआउट हुए बच्चों और उनके अभिभावकों की बैठकें आयोजित करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों ने अपनी पढ़ाई पूरी कर ली है और वर्तमान में किसी अच्छे संस्थान में कार्य कर रहे हैं या किसी क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, उन्हें स्कूलों में आमंत्रित कर सम्मानित किया जाए।

## गनियारी, मोतिमपुर और ओदरागहन में बिछाई गई 342 किमी पाइप

# दूर होगा पेयजल संकट, तीन प्रोजेक्ट से 176 गांवों के 1.44 लाख घरों में पहुंचेगा साफ पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

**मल्टीविलेज स्कीम : महीने भर के अंदर जिले के गांवों में दूर होगा सूखा**

जिले में पेयजल को लेकर राहत भरी खबर सामने आई है। आगामी महीनेभर के अंदर जिले के करीब 126 गांवों में 1.44 लाख घरों तक तीन प्रोजेक्ट के जरिए साफ पानी पहुंचने वाला है। पाटन के ओदरागहन में टेस्टिंग भी शुरू हो चुकी है। वहीं दो अन्य प्रोजेक्ट गनियारी और मोतिमपुर में सिर्फ बिजली कनेक्शन का इंतजार है। इस तीनों प्रोजेक्ट के लिए करीब 342 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई गई है। योजना के अंतर्गत मोतिमपुर में 57 गांव, गनियारी में 50 गांव और ओदरागहन में 19 गांवों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। पिछले करीब चार सालों से इस प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। सब कछ सही रहा तो आगामी महीनेभर के अंदर तीनों प्रोजेक्ट के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के इंतजाम कर लिए जाएंगे।



### मोतिमपुर प्रोजेक्ट में बिछाई गई 148 किमी पाइपलाइन

धमधा अंतर्गत मोतिमपुर से 57 गांवों को जोड़ा गया है। शिवनाथ नदी पर आधारित इस योजना में 148 किमी पाइपलाइन बिछाई गई है। नवागांव (ड) में योजना के तहत फिल्टर प्लांट का निर्माण किया गया है। योजना के अनुसार लगभग 29 हजार लोगों को शुद्ध पेयजल सुविधा मिलने की उम्मीद है। योजना के तहत अगार, अछोली, अकोली, ठेलका, बरहापुर, धरमपुरा, बसनी, भरनी, नंदेली, भाठाकोकड़ी, मुड़पार, बिरझापुर, डगनिया, सिरनाभाठा, दनीकोकड़ी, देवरी, गाड़ाघाट, घोटवानी, घुमा, गाँठा, गोबरा, गोरपा, मिलौरी, हिरेतरा, बिरेभाठ, कन्हारपुरी, जाताघर्रा, करेली, खिलौराकला, खैरझिटी, नंदवाय, नवागांव (साल्हे), कोनका, परसकोल, पेण्ड्रावन, पगबंधी, परसबोड, खपरी (पी), परोड़ा, पेण्ड्री (कुटहा), पेण्ड्री (गोबरा), कुटहा, रहटादाह, मोतिमपुर, राजपुर, रक्सा, रूहा, पेण्ड्री (रूहा), सुखरीखुर्द, रौंदा, साल्हेखुर्द, सोनेसरार, सिल्ली, परसुल्ली, तितुरधाट, महराजपुर, तुमाकला तक जल आपूर्ति की जाएगी।

### लंबे समय से सूखे की मार झेल रहे अंजोरा-ढाबा में भी पहुंचेगा पानी

दुर्ग एवं धमधा अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या से जल्द राहत मिलने वाली है। 50 ग्रामों की अंजोरा ढाबा मल्टीविलेज जलप्रदाय योजना के तहत शिवनाथ नदी से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। योजना में 142 किमी पाइपलाइन बिछाई गई है। 89 हजार लोगों को शुद्ध पेयजल सुविधा मिलने की उम्मीद है। योजना के तहत अगार, नवागांव (पुरदा). पथरिया (डोमा), डोमा, करेली, परसदापार, फुण्डा, बोरी, दनिया, परसदाखुर्द, तुमाखुर्द, टेकापार, खिलौराखुर्द, सुखरीकला, जोगीगुफा, लिटिया, सेमरिया (लि), हसदा, चिखला, पुरदा, गाड़ाडीह, सिलतरा, अरसी, चीचा, देउरकोना, डोडकी, बिरेझर, खर्रा, रौता, टेमरी, पोटिया (से), गनियारी (र), रसमड़ा, सिलोदा, खपरी (अ), बोरई, दमोदा, खुर्सीडीह, खुरसुल, पीपरछेड़ी, सेवती, नगपुरा, मालूद, बेलौदी, अजोरा (ढाबा), ढावा, डांडेसरा, गनियारी (ड), भेड़सर, हिरीं, मड़ियापार तक जल आपूर्ति की जाएगी।

### ओदरागहन स्कीम से 19 गांवों के 26 हजार घरों तक पानी

पाटन के ओदरागहन प्रोजेक्ट के अंतर्गत 19 गांव तक पानी पहुंचेगा। 52 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है। बेल्हारी में योजना के तहत फिल्टर प्लांट का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। 26 हजार लोगों को शुद्ध पेयजल सुविधा मिलने की उम्मीद है। योजना के तहत टेमरी, सूरपा, अकतई, बोरवाय, भनसुली (आर), बेल्हारी, औरी, नवागांव (बी), चारभाटा, ओदरागहन, रीवागहन, किकिरमेटा, मोहभट्ठा, बीजाभाठा, करेला, कुम्हली, धनना, जामगांव (आर), बटरेल तक जल आपूर्ति की जाएगी।

### महीनेभर में सभी गांवों में पानी की सप्लाई की है तैयारी

> महीनेभर के अंदर तीनों प्रोजेक्ट के जरिए पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। ओदरागहन में टेस्टिंग शुरू कर दी गई है। मोतिमपुर और गनियारी में बिजली सप्लाई को लेकर सीएसपीडीसीएल से कनेक्शन के लिए एप्लाई किया गया है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।
>
> -**उत्कर्ष पांडेय,** ईई लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग दुर्ग



## गौ सम्मान अभियान की हुई शुरुआत, बैठक में बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हिंदू रक्षा मंच छत्तीसगढ़ द्वारा 27 अप्रैल से देशभर में गौ सम्मान अभियान शुरू करने की घोषणा की गई है। संगठन के प्रदेश संयोजक मनोज ठाकरे ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने, गौ सेवा के लिए केंद्रीय कानून बनाने और देशभर में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग को लेकर जनजागरण करना है।

अभियान को लेकर 26 अप्रैल को शाम 5 बजे सेक्टर-6 स्थित गायत्री मंदिर में विभिन्न संगठनों की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत 27 अप्रैल को सुबह 11 बजे सभी जिलों और तहसीलों में जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और अन्य जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। दुर्ग जिले में भी इस दिन कलेक्टर कार्यालय परिसर में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन देंगे। अभियान के जरिए गोबर और गोमूत्र पर अनुसंधान को बढ़ावा देने, कृषि विश्वविद्यालयों में रिसर्च सेंटर स्थापित करने और इससे जुड़े उद्योग-उद्यम को प्रोत्साहित करने की मांग भी उठाई जा रही है। साथ ही लोगों से हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से समर्थन जुटाया जा रहा है। मनोज ठाकरे ने बताया कि यह अभियान लगभग एक वर्ष तक विभिन्न चरणों में चलेगा।

### सेवानिवृत्त पर शिक्षक की ससम्मान विदाई



**सेलूद।** संकुल केंद्र घुघुवा के शासकीय पी एम श्री स्कूल गभरा में बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें रमेश शर्मा प्रधानपाठक ,उपकार चंद्राकर एवं कृष्ण कुमार वर्मा का सभी शिक्षक एवं शाला प्रबंधन समिति सरपंच , पंच एवं ग्रामवासियों ने पुष्पमाला से स्वागत किया ।स्वागत भाषण शिक्षक मंगलू राम पारधी ने दिया। संचालन संकुल समन्वयक खिलेश वर्मा ने किया। इस अवसर पर सरपंच कमलेश ठाकुर, पूर्व सरपंच रूपेश चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि मेहतर वर्मा विधायक प्रतिनिधि रमेश कुर्रे, सुरेश कुर्रे आदि उपस्थित थे।

## शिवालय को लेकर तालपुरी वासियों ने की सांसद विजय बघेल से शिकायत



**भिलाई।** तालपुरी बी ब्लॉक रेसिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव के दूसरे ही दिन शिवमंदिर को राजनीति का अखाड़ा बनाने की कोशिश की गई। एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और ने पहले तो भोलेनाथ के दरबार में माथा टेका, लेकिन उसके बाद बाहर निकलते ही उन्होंने आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों की तेज ध्वनि के बीच मंदिर समिति के पुनर्गठन की घोषणा कर दी।

मंदिर निर्माण और धार्मिक आयोजनों में प्रारंभ से जुड़े मंदिर समिति के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को इस बात की शिकायत सांसद विजय बघेल से उनके निवास स्थान पर हुई एक भेंट में की। इसके अलावा चुनाव परिणामों को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम और दुष्प्रचार की भी शिकायत की गई। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को यह भी बताया कि मंदिर की आधारशिला रखने से लेकर शिखर निर्माण तक कभी सहयोग नहीं किया। प्रतिनिधिमंडल ने मंदिर परिसर में किसी भी तरह के राजनीतिक हस्तक्षेप का विरोध करते हुए सांसद से अनुरोध किया कि वे आस्था के केंद्र को कलुषित होने से बचाएं।

प्रतिनिधि मंडल में नवनिर्वाचित महासचिव रवींद्र कुमार दत्ता, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, उपमहासचिव श्याम लाल साहू, पूर्व अध्यक्ष यमलेश देवांगन, छत्तीसगढ़ यादव समाज के अध्यक्ष एवं समाजसेवी जगनीक यादव, दुर्योधन रेड्डी, ओपी मिश्रा, असीम सिंह, आरएस कन्नोजिया, गजानन अवचट, ओपी देवांगन, आशीष दीवान, जगदीश चंद्र दशोरे, बलराम साहू, टीएस ठाकुर सहित अन्य शामिल थे।

# तलाक होने से पहले ही महिला ने कर ली दूसरी शादी, कोर्ट के आदेश पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बिना तलाक के दूसरे व्यक्ति से शादी करना कटनी की महिला को भारी पड़ गया। न्यायालय के आदेश पर उक्त महिला के खिलाफ बीएनएस की धारा 82 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए आवेदक के अधिवक्ता कौशल किशोर सिंह ने बताया कि रायपुर नाका दुर्ग निवासी लेखराज राजानी की शादी कटनी में भारती से तय हुई थी। भारती राजानी की पहली शादी दमोह में लक्ष्मण कुंदरानी के साथ हुई थी, जिसका सक्षम न्यायालय में वैधानिक तलाक होने की जानकारी उनके परिजनों ने दी।

- **ससुराल वालों के खिलाफ कटनी में दर्ज कराया था दहेज प्रताड़ना का केस**

संबंधित कागजात बाद में प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया। लेखराज राजानी ने उक्त महिला से शादी कर ली। शादी के बाद दुर्ग आकर महिला लेखराज राजानी के परिवार वालों को तंग करने लगी, जिससे उन्होंने महिला को वापस कटनी छोड़ दिया। कटनी में महिला ने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज करा दिया। लेखराज राजानी की ओर से अधिवक्ता कौशल किशोर सिंह ने कुटुंब न्यायालय में धारा 12 हिंदू विवाह अधिनियम के तहत पारिवाद प्रस्तुत किया, जिसके आधार पर लड़की यहां कोर्ट में उपस्थित हुई और उन्होंने जानकारी दी कि उनका तलाक नोटरी के समक्ष हुआ है।

इस बात की जानकारी होते ही अधिवक्ता ने धारा 12 का आवेदन वापस लेकर धारा 11 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर दिया और इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से कर दी। पुलिस अधीक्षक ने पूर्व में दमोह में जिस लड़के से उसकी शादी हुई थी, उससे पूरे कागजात मंगवा लिए, जिससे मामला स्पष्ट हो गया।

महिला ने दुर्ग के अपने ससुराल वालों के विरूद्ध कटनी में धारा 85, 296, 115 (2), 351 (3) बीएनएस तथा धारा 144 महिला संरक्षण अधिनियम की धारा 12 के तहत अपराध दर्ज होने की जानकारी देते हुए आवेदन खारिज करने की मांग की। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती अंजलि सिंह ने बिना सक्षम न्यायालय में पूर्व में हुए शादी का तलाक हुए बिना दूसरी शादी करना धारा 82 के तहत अपराध की श्रेणी में माना और न्यायालय ने महिला के विरुद्ध बीएनएस की धारा 82 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है और उनके परिजनों को आरोपी बनाने से मुक्त कर दिया।

## दुर्ग में मनाया गया मां नारायणी जन्मोत्सव जयकारों से गूंजा भवन



**दुर्ग।** सेन भवन शक्ति नगर दुर्ग में सोमवार वैसाख सुदी एकादशी को सेन समाज की कुलदेवी मां नारायणी का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर मां नारायणी माता की जय के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर मां नारायणी, संत शिरोमणि सेन महाराज, बालाजी हनुमान और शिवजी का विधि-विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अभिषेक किया गया। छत्तीसगढ़ सर्व सेन समाज के संरक्षक विमल सेन ने मां नारायणी के जन्म स्थान और नारायणी धाम की महिमा बताई। उन्होंने कहा कि राजस्थान के बरवाड़ा वन क्षेत्र में स्थित नारायणी धाम आस्था का केंद्र है, जहां वैसाख सुदी एकादशी को वार्षिक मेला भरता है। उन्होंने बताया कि विक्रम संवत 1006 में गढ़ मोरा में कर्मावती नारायणी का जन्म हुआ। उन्होंने माता के जीवन से जुड़े चमत्कारिक प्रसंगों का उल्लेख किया, जिनमें सूखे स्थान से जलधारा निकालना और पति कर्णेश की मृत्यु के बाद योग अग्नि से पंचतत्व में विलीन होना शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि आज भी नारायणी गंगा नाम से जलधारा बहती है और अलवर का नारायणी धाम एक प्रमुख शक्तिपीठ है। छत्तीसगढ़ केश शिल्प बोर्ड के अध्यक्ष नंदकुमार सेन ने जन्मोत्सव पर समाज को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेन समाज के लिए यह गौरव की बात है कि हमारे समाज में भक्त शिरोमणि सेन महाराज और मां नारायणी जैसी सती माता का जन्म हुआ।

# जल संरक्षण के लिए गांवों में बनेंगे नए तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में परंपरागत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत नवा तरिया आय के जरिया अभियान के तहत तालाब निर्माण कार्य तेजी से प्रारंभ किया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मार्गदर्शन में दुर्ग जिले की चयनित ग्राम पंचायतों में सामुदायिक जल संचयन संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायतों में नवा तरिया निर्माण हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं देवपूजन के साथ सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम कलेक्टर अभिजीति सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।



जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरई में सरपंच उमेश्वर राजू यादव की उपस्थिति में लगभग 4000 वर्गमीटर क्षेत्र में तालाब निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। लगभग 19 लाख रुपए की लागत से बनने वाला यह तालाब लगभग 7 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान करेगा तथा 5130 से अधिक मानव दिवस का सृजन करेगा। इसी प्रकार एक अन्य नवा तरिया निर्माण कार्य भी लगभग 4000 वर्गमीटर क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है, जिसकी लागत लगभग 19 लाख रुपए है। इस कार्य से 4463 मानव दिवस का सृजन होगा एवं लगभग 100 परिवारों को रोजगार उपलब्ध होगा। इसके माध्यम से 7 से 8 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा विकसित होगी। जिला पंचायत के सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि अभियान के तहत जिले में जल संरक्षण के साथ-साथ रोजगार सृजन एवं आजीविका संवर्धन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन कार्यों से ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध हो रहा है तथा कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल रहा है। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य मिलंतिन ठाकुर, सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर राजू यादव, पंच भूषण यादव, रविशंकर साहू, राजकुमार साहू, गोवर्धन साहू, पूर्व जनपद सदस्य प्रीति लाल ठाकुर तथा तकनीकी सहायक दीप्ति सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## कब्जे पर महापौर का रुख सख्त, शीतला तालाब में अतिक्रमण हटाने के निर्देश, लोगों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महापौर अलका बाघमार ने मंगलवार को सिविल लाइन स्थित शीतला तालाब एवं वृंदावन कॉलोनी, वार्ड 40 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शीतला तालाब को भूस्वामी द्वारा अवैध रूप से पाटे जाने की गंभीर शिकायत प्राप्त होने पर महापौर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मौके का जायजा लिया। उन्होंने मौके से ही जिला कलेक्टर से दूरभाष पर चर्चा कर प्रकरण में शीघ्र एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही। महापौर ने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक संपत्तियों एवं जल स्त्रोतों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। महापौर अलका बाघमार ने निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 40 के नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। वृंदावन कॉलोनी के रहवासियों द्वारा पेयजल पाइपलाइन विस्तार एवं नाली निर्माण की प्रमुख मांग रखी गई। इस पर महापौर ने नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आगामी तीन से चार माह के भीतर पाइपलाइन विस्तार का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाएगा तथा नाली निर्माण के लिए भी आवश्यक कार्यवाही शीघ्र शुरू की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एमआईसी मेंबर देवनारायण चन्द्राकर, पार्षद सरिता विनोद चन्द्राकर, पार्षद गुलाब वर्मा, भवन अधिकारी प्रकाश चंद थवानी, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।



# बोर्ड परीक्षा 2026 के नतीजे घोषित, जिले के 12वीं में 77.79 प्रतिशत और 10वीं में 65.94 प्रतिशत रहा परिणाम

12वीं के विद्यार्थी जीत गजेन्द्र ने 95 प्रतिशत अंक हासिल कर एवं हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के अंतर्गत ब्लेज एकेडमी की छात्रा वंशिका शर्मा ने 97.17 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान अर्जित किया है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की परीक्षा में जिला स्तरीय टॉप टेन में जगह बनाने वाले छात्र-छात्राओं के अलावा उत्कृष्ट अंक अर्जित करने पर शुभकामनाएं दी, उन्होंने जिले के विद्यार्थियों को अपने मेहनत एवं साधना को निरंतर जारी रखते हुए जीवन में उपलब्धि हासिल कर अपने माता, पिता, संस्थान एवं अपने गुरूजनों का नाम रोशन करने को कहा। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा 2026 के परिणामों में जिले का कुल प्रदर्शन संतोषजनक रहा, हालांकि सफलता प्रतिशत में बालिकाओं ने एक बार फिर बाजी मारी।जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी ने बताया कि हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) परीक्षा में कुल 8782 विद्यार्थियों में से 8745 परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें 8741 का परिणाम घोषित हुआ।

कुल 6800 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिसमें 3771 प्रथम श्रेणी, 2896 द्वितीय और 133 तृतीय श्रेणी में पास हुए। 1122 छात्रों को पूरक तथा 819 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे। इस तरह 12वीं का कुल परिणाम 77.79 प्रतिशत रहा, जिसमें बालकों का 73.60% और बालिकाओं का 80.70% सफलता प्रतिशत दर्ज किया गया।हाई स्कूल (कक्षा 10वीं) में कुल 10551 विद्यार्थियों में से 10426 परीक्षा में शामिल हुए थे। 10414 का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें 6867 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इनमें 3936 प्रथम श्रेणी, 2800 द्वितीय और 131 तृतीय श्रेणी में सफल रहे। 1027 विद्यार्थियों को पूरक तथा 2520 छात्र अनुत्तीर्ण हुए। इस प्रकार 10वीं का कुल परिणाम 65.94 प्रतिशत रहा, जिसमें बालकों का 59.88% और बालिकाओं का 70.73% सफलता प्रतिशत रहा। जिला

### 12वीं में जीत गजेन्द्र ने किया टॉप

स्तरीय प्रावीण्य सूची में 12वीं में जीत गजेन्द्र ने 95% अंक के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं रूद्र कुमार यादव दूसरे, खुशी विश्वकर्मा तीसरे और नीलम देवांगन चौथे स्थान पर रहीं।इसी तरह 10वीं में वंशिका शर्मा ने 97.17% अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। तिव्यांशु एवं नरगिश बांधव संयुक्त रूप से दूसरे, यश कुमार साहू तीसरे और अर्जित पटेल चौथे स्थान पर रहे।

## बालिकाओं ने फिर मारी बाजी, कलेक्टर ने दी बधाई और शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आज जारी किए गए कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा के परिणामों के अंतर्गत बालोद जिले का जिले के हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा का परिणाम 77.79 प्रतिशत एवं हाई स्कूल बोर्ड का परीक्षा परिणाम 65.94 प्रतिशत रहा है।

हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अर्जुंदा के कक्षा

## खबर संक्षेप

### आरुल को सीबीएसई 10 वीं में मिले 98.4 प्रतिशत ओलंपियाड में भी चमके

**भिलाई।** डीपीएस भिलाई के छात्र



आरुल वर्मा ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं बोर्ड परीक्षा में 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन किया है। वे गणपति विहार दुर्ग निवासी ललित कुमार वर्मा एवं रूबी सारिका वर्मा के पुत्र हैं। आरुल होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र एवं भारतीय भौतिकी शिक्षक संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मानक परीक्षाओं में खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी एवं गणित सभी पाँच विषयों में प्रथम चरण सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया है। क्षेत्रीय गणित ओलंपियाड उत्तीर्ण किया है। भारतीय राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में सहभागिता की। भौतिकी आईएनपीएचओ एवं खगोल विज्ञान आईएनएओ ओलंपियाड के तृतीय चरण के लिए भी अपनी योग्यता सिद्ध की। आरुल का चयन प्रतिष्ठित भौतिकी उन्मुखीकरण-सह-चयन शिविर हेतु होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र, मुंबई में हुआ है। यहां से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली अंतिम टीम का चयन किया जाएगा। इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वे छत्तीसगढ़ के एकमात्र छात्र हैं। इसके अतिरिक्त, उनका चयन उच्च माध्यमिक विज्ञान मानक परीक्षा के अंतर्गत आयोजित 15 दिवसीय राष्ट्रीय शिविर, जयपुर के लिए भी हुआ है।

### एज्युकेशन सिटी को लीकर सिटी न बनने दे जिम्मेदार



**भिलाई।** भिलाई विकास मंच ने संयोजक नितेश मिश्रा के नेतृत्व में सेक्टर-6 ए मार्केट में आबकारी विभाग द्वारा खोली गई प्रीमियम शराब दुकान को खोले जाने के विरुद्ध में मंगलवार को सांसद विजय बघेल को ज्ञापन सौंपा गया। उक्त दुकान को स्थानांतरित अथवा बंद करने की मांग की गई। मिश्रा ने कहा कि एक ओर सिविक सेंटर स्थित संचालित मदिरा दुकान से पहले ही टाउनशिप का वातावरण खराब हो चुका है। सार्वजनिक स्थलों में लोगों का मदिरापान करना आम सी बात हो चुकी है। आस-पास के कोचिंग सेंटर बंद हो रहे है उक्त स्थिति सेक्टर में मदिरा दुकान खुलने से और विकराल हो सकती है , जिसका भिलाई विकास मंच विरोध करता है एवं तत्काल बंद करने की मांग करता है। ज्ञाप सौंपने वालों में प्रतिनिधि मंडल में नितेश मिश्रा, नवीन बेरी, अशोक जैन, वसुतोष मार्कंडेय, राजकुमार,प्रदीप पांडे उपस्थित थे।

### जिला अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से की मुलाकात

**दुर्ग।** जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के अध्यक्ष रमेश शर्मा नेतृत्व में मंगलवार को जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों के द्वारा विधि मंत्री छत्तीसगढ़ शासन गजेंद्र यादव से सौजन्य मुलाक़ात किया गया।

## मामला पूर्व मुख्यमंत्री से जुड़ा हुआ, सख्त कार्रवाई की मांग

# इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक एआई वीडियो पर नाराज कांग्रेसी पहुंचे थानों में, दिखाया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर प्रसारित हो रहे कथित आपत्तिजनक और एआई जनरेटेड वीडियो को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में थाना अंडा, जिला दुर्ग में आवेदन देकर संबंधित इंस्टाग्राम आईडी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

आवेदन के अनुसार, @congress_polkhol नामक इंस्टाग्राम आईडी द्वारा एक आपत्तिजनक, भ्रामक और AI जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया गया, जिसे @randomchhattisgarh नामक आईडी के साथ साझा कर व्यापक रूप से प्रसारित किया जा रहा है। शिकायत में कहा गया है कि उक्त वीडियो में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सार्वजनिक जीवन से जुड़े व्यक्तियों के संबंध में अपमानजनक और भ्रामक सामग्री प्रस्तुत की गई है, जिससे उनकी छवि धूमिल हो रही है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि इस प्रकार की सामग्री न केवल राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है, बल्कि समाज में भ्रम फैलाने और जनभावनाओं को भड़काने का प्रयास भी है। इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम जनता में आक्रोश की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि संबंधित इंस्टाग्राम आईडी संचालकों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए, दोषियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए तथा संबंधित वीडियो को हटाकर आईडी को स्थायी रूप से बंद किया जाए। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की फर्जी और आपत्तिजनक सामग्री के प्रसार पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाने की भी मांग की गई है।

इस दौरान प्रमुख रूप से देवेंद्र देशमुख (ब्लॉक अध्यक्ष), टिकेश्वरी देशमुख (उपाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग), नंद कुमार सेन (पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष), राकेश हिरवानी (उपाध्यक्ष जनपद पंचायत), डॉ. जीतेन्द्र साहू (सेक्टर प्रभारी), दिग्विजय सिन्हा (सरपंच), बैकुंठ महानंद (सेक्टर प्रभारी), प्रवीण चंद्राकर, नवनीत चंद्राकर, प्रशांत पाण्डेय, भूपेश यादव (बूथ अध्यक्ष), बुधार पाल, संतोष पाल, संदीप चंद्राकर, तेज राम चौहान, डॉ. जे.डी. चेलक, खोमराज साहू, जायभूषण साहू, जीतेन्द्र यादव, आत्मा पटेल, रमेश साहू, चुरामन साहू, कौशल प्रसाद महलांग, चंद्र शेखर साहू, राजू निर्मारकर, भूपेश हरमुख आदि मौजूद थे।

### ग्रामीण अंचल में जगह-जगह कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन



### आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने वालों पर एफआईआर की मांग

**धमधा।** धमधा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक एवं एआई-जनरेटेड वीडियो पोस्ट



किए जाने के मामले में सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने संबंधित इंस्टाग्राम आईडी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह न केवल एक व्यक्ति की छवि धूमिल करने का प्रयास है, बल्कि समाज में वैमनस्य फैलाने और राजनीतिक माहौल को खराब करने की साजिश भी हो सकती है। इस मुद्दे को लेकर कार्यकर्ताओं और आम लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित इंस्टाग्राम आईडी संचालकों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए, आरोपियों की पहचान कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, आपत्तिजनक वीडियो हटाकर संबंधित आईडी को स्थायी रूप से बैन किया जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की फेक एवं एआई जनित सामग्री पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री राजीव गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य दानेश्वर साहू, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शमशीर कुरैशी, जीवन निर्मलकर, जितेंद्र वर्मा, ज्वाला साहू, रामकुमार, अरुण साहू, सुमंत ताम्रकार, निर्मल जैन आदि उपस्थित थे।

### कुम्हारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध



**कुम्हारी।** पाटन विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के संबंध में आपत्तिजनक ए आई जनरेट वीडियो पोस्ट करने वाले के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार 27 अप्रैल को कुम्हारी थाने पहुंचकर नारेबाजी की और थाना प्रभारी को एक ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस वीडियो के माध्यम से जो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है यह कतई बर्दाश्त नही किया जाएगा यह एक सुनियोजित साजिश है। उन्होंने मांग की है कि शीघ्र ही उस आई डी को सभी जगह से बेन कर दिया जाय एवं जिसने भी इस तरह का अपराध किया है उसे शीघ्र गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही की जाय अन्यथा ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी कुम्हारी के कार्यकर्ता उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी के अध्यक्ष मनहरण यादव, प्रमोद राजपूत, राजेश्वर सोनकर, ओमनारायण वर्मा,रमाशंकर शुक्ला, रोहित कुर्रे, युवराज साहू, गिरीश देवांगन, विनोद साहू, भूपेंद्र पटेल, थनेश पटेल, ओमप्रकाश यादव, अंचल गुप्ता, लेखराम साहू, सुनील शुक्ला, काजू भाई, अनूप शुक्ला आदि उपस्थित थे।



## 'हमर अध्यक्ष हमर द्वार' पहल से जनता को लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले द्वारा शुरू की गई जनहितैषी पहल 'हमर अध्यक्ष हमर द्वार' के अंतर्गत वार्डों में पहुंचकर आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। चुनाव के दौरान किए गए वादे को निभाते हुए अध्यक्ष भाले स्वयं वार्डों में जाकर नागरिकों से सीधे संवाद कर रहे हैं और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल कर रहे हैं। वार्ड क्रमांक 5 एवं वार्ड क्रमांक 6 में चौपाल लगाकर आम जनता से रूबरू हुए। इस दौरान वार्डवासियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं रखीं, जिनमें से कई का मौके पर ही समाधान किया गया, वहीं शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को तत्काल कार्यवाही के लिए प्रेषित किया गया। दो दिनों के भीतर कुल 47 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 13 का त्वरित निराकरण कर दिया गया है तथा शेष आवेदनों पर विभागीय स्तर पर कार्रवाई जारी है। नगर पंचायत अध्यक्ष भाले ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अध्यक्ष भाले ने बताया कि इसी कड़ी में 28 अप्रैल को सुबह 7 बजे से 9 बजे तक वार्ड क्रमांक 8 एवं वार्ड क्रमांक 10 में सुभाष क्लब चौक पर चौपाल का आयोजन किया जाएगा, जहां नागरिक अपनी समस्याएं सीधे रख सकेंगे। इस जनसंवाद कार्यक्रम में उपाध्यक्ष निशा सोनी, सभापति केवल देवांगन, सभापति देवेंद्र ठाकुर, पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन, नागेंद्र कश्यप, थानसिंह कश्यप, अरुण देवांगन आदि उपस्थित थे।

# कॉलेज छात्र जाली एमएसटी के साथ पकड़ा गया, कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा ट्रेन संख्या 68705 (रायपुर डोंगरगढ़ लोकल) में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान आयोजित फोर्ट्रेस चेकिंग (किलाबंदी टिकट चेकिंग) के दौरान वरिष्ठ टिकट एग्जामिनर प्रिया, दुर्ग के द्वारा डुप्लीकेट एमएसटी (छः माही) का मामला पकड़ा गया।


जिसकी सूचना पर टिकट चेकिंग स्टाफ ने यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के एमएसटी टिकट की इमेज का दुरुपयोग करते पाया गया। डुप्लीकेट एमएसटी बनाकर यात्रा करने वाले संदिग्धों को पकड़ा। जांच के दौरान कॉलेज के चार छात्र भी इसमें पकड़े गए। इसमें कुलदीप नाम के युवक ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी टिकट बनाया है। हर्ष नाम का युवक मामले में फरार है। दुर्ग स्टेशन पर पकड़े गए सभी संदिग्धों में कुलदीप बिश्नोई, यू ओंकार, अखिलेश साहू, राहुल साहू शामिल है। चेकिंग स्टाफ ने संदिग्धों से पूछताछ किया। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध किया है कि वह रेलवे टिकट काउंटर अथवा स्वयं यू टी एस ऑन मोबाइल का उपयोग कर टिकट बनाएं ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन का उपयोग करें। यात्री टिकट सुविधा केंद्र से टिकट ले, रेल वन ऐप का उपयोग करें।

# भीषण गर्मी में राहत की मिसाल: नगर पालिका ने शुरू किए जल प्याऊ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

जल ही जीवन है, जल है तो कल है इस संदेश को सार्थक करते हुए नगर पालिका ने भीषण गर्मी और लू के प्रकोप के बीच मानवीय संवेदना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। कलेक्टर बालोद दिव्या उमेश मिश्रा

- कलेक्टर के निर्देश पर प्रमुख चौक-चौराहों में व्यवस्था, आमजन व पशु-पक्षियों के लिए राहत



के निर्देशों के तहत नगर में विभिन्न प्रमुख स्थानों पर जल प्याऊ की व्यवस्था कर राहगीरों, श्रमिकों, पशु-पक्षियों और गोवंश के लिए बड़ी राहत उपलब्ध कराई गई है।

नगर पालिका द्वारा जैन भवन चौक (एसबीआई के सामने), नगर पालिका कॉम्पलेक्स माइन्स ऑफिस रोड, आशा टॉकीज के पास और शहीद वीर नारायण सिंह चौक (पुराना बाजार) जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जल प्याऊ स्थापित किए गए हैं। तेज धूप और झुलसा देने वाली गर्मी के बीच ये जल प्याऊ आमजन के लिए जीवनदायी साबित हो रहे हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी ने इस पहल को केवल व्यवस्था नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि

गर्मी के इस कठिन दौर में पानी केवल आवश्यकता नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। राहगीरों, मेहनतकश लोगों, पशु-पक्षियों और गोवंश के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नगर पालिका ने अपनी ओर से प्रयास शुरू कर दिया है, लेकिन यह अभियान तभी सफल होगा जब समाज के सभी वर्ग इसमें भागीदारी निभाएंगे।

उन्होंने आगे कहा कि यह समय सेवा और सहयोग का है, और हर नागरिक को अपने स्तर पर जल व्यवस्था में योगदान देना चाहिए।

स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं उमेश कुमार, रोहित शर्मा, उपेन्द्र साहू ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नगर पालिका का यह कदम न केवल सराहनीय है, बल्कि अन्य संस्थाओं और नागरिकों के लिए प्रेरणास्त्रोत भी है। एक समाजसेवी ने कहा कि ऐसी भीषण गर्मी में पानी की एक बूंद भी किसी के लिए जीवनदान से कम नहीं होती। नगर पालिका ने जो पहल की है, वह वास्तव में जनहित में एक बड़ा कदम है, और अब समाज को भी आगे आना चाहिए।

वहीं व्यापारिक संगठनों और आम नागरिकों ने भी इस अभियान को मजबूती देने का भरोसा जताया है। कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने स्वयं आगे आकर अतिरिक्त जल पात्र और छांव की व्यवस्था करने की बात कही है, जिससे यह अभियान अब जनभागीदारी का रूप लेता दिखाई दे रहा है।

दल्लीराजहरा में शुरू हुई यह पहल केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का सशक्त संदेश बनकर उभरी है। अगर इसी तरह प्रशासन और समाज मिलकर काम करें, तो भीषण से भीषण परिस्थितियों में भी राहत और उम्मीद की ठंडी धार बहती रह सकती है।

## पेज 11 के शेष

### लीना साहू ने 98 प्रतिशत ...

की पढ़ाई कर यह सफलता अर्जित की। परिणाम घोषित होते ही परिवार और गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों एवं शुभचिंतकों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर उनके नाना गुहरी राम साहू, दादा भागी राम साहू, बड़े पापा भेषराम साहू, उपेंद्र साहू, मामा संदीप साहू, थानेश्वर साहू वकील सहित अन्य लोगों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लीना की इस सफलता ने यह साबित कर दिया कि कठिन परिस्थितियां भी मजबूत इरादों के आगे बाधा नहीं बन सकतीं।

### जनप्रतिनिधियों ने ...

चंद्राकर एवं उपाध्यक्ष मोंटी यादव ने चर्चा में पुष्टि की कि वे खुरसुनी कार्यक्रम में नहीं गए थे।

### डोकला में दुकान से हजारों ....

आते जाते देखा गया है, जिसकी मोटरसाइकिल में बोरी में समान समान रखा हुआ देखा जा सकता है ,जो कि पुलिस विभाग द्वारा जांच पड़ताल किए जाने से अज्ञात चोर पुलिस विभाग के पकड़ में आ सकता है, किंतु घटना को 10 से 12 दिन गुजर जाने के बाद भी पुलिस विभाग द्वारा अब तक जांच पड़ताल नहीं की गई है। जिसके चलते आम लोगों का पुलिस विभाग से विश्वास टूटता जा रहा है।

# गौ को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर दिखाई एकजुटता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा



नगर में चल रहे 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के तहत सोमवार को तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता प्रशांत अग्रवाल के नेतृत्व में, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमन लाल यादव, डीपी शर्मा अध्यक्ष गौ सेवा धमधा, नवीन जैन, सामर्थ ताम्रकार, पियूष ताम्रकार, वामन ताम्रकार, वीर ताम्रकार, चमन गुप्ता सहित सैकड़ों गौ-सेवक और नागरिक तहसील कार्यालय पहुंचे और शासन के नाम ज्ञापन सौंपकर गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग की। आयोजकों के अनुसार, इससे पहले दो दिन पूर्व नगर में भव्य रैली और हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया था। गायत्री मंदिर से शुरू हुई रैली में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, गौ-सेवक और नागरिक शामिल हुए थे। 'गौ माता की जय' के नारों से नगर गूंज उठा था और लोगों ने बढ़-चढ़कर अभियान का समर्थन किया था। हस्ताक्षर अभियान में भी सैकड़ों नागरिकों ने भाग लिया था। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पहले हुए अभियान के समर्थन को प्रशासन तक पहुंचाना रहा। ज्ञापन के माध्यम से शासन-प्रशासन से मांग की गई कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## बालोद में 7 दिनी समर कैम्प का आयोजन

**बालोद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में 1 मई से 7 मई तक सात दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा हैं। समर कैम्प प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 11:30 बजे तक संचालित होगा। ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की मुख्य संचालिका राजयोगिनी बी.के विजयलक्ष्मी दीदी ने बताया कि वर्ष भी कक्षा पहली से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिये समर कैम्प में मेमोरी डेवलपमेंट के लिये विभिन्न कार्यक्रम रखे जा रहें हैं, जिसके अंतर्गत ड्रॉइंग, पेंटिंग, माइंड पावर, के साथ साथ खेल–खेल में आध्यात्मिक एंव नैतिक शिक्षा, आत्म विश्वास में वृध्दि, योग के प्रकार, अनुशासन, आज्ञाकारी, समय का महत्व, सांस्कृतिक कार्यक्रम, राजयोग ध्यान सत्र, विविध गतिविधियां, मूल्य आधारित खेल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बच्चों को प्रेरणादायी एक्टिविटी के माध्यम से सम्पूर्ण मानसिक विकास कराया जायेगा।

## पद्म पुरस्कार 2027 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**बालोद।** अपर कलेक्टर ने जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं नगर पालिका परिशद के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को पद्म पुरस्कार 2027 के व्यापक प्रचार–प्रसार एवं अनुशंसाए आमंत्रित करने के संबंध में दिशा–निर्देश जारी किया है। अपर कलेक्टर ने बताया कि शासन की मंशानुरूप राज्य, जिले के सुदूर वनांचलों, ग्रामीण क्षेत्रें और नगरीय क्षेत्रें से समाज के उन अनछुए और गुमनाम नायकों की पहचान करना है, जो समाज सेवा, कला, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रें में निस्वार्थ भाव से उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाया जा सके। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस वर्ष 2027 के अवसर पर घोषित किए जाने वाल पद्म पुरस्कार पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री के लिए नामांकन की प्रक्रिया 15 मार्च 2026 से प्रारंभ हो चुकी है।

## फर्नीचर दुकान में लगी आग

**भिलाई।** फर्नीचर दुकान अचानक आग लगने से लाखों रुपए का सामान जल गया। सूचना पर दमकल कर्मी पहुंचे और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक डबरापारा खुर्सीपार स्थित दीपक बंसल के फर्नीचर दुकान आग लग गई। अग्निशमन कार्यालय को सूचना मिलने पर दमकल टीम को मौके पर पहुंची। अग्निशमन कर्मियों ने आगजनी स्थान पर तुरंत घुसा। जहां कमरे से आग की लपटें निकल रही थी, अग्निशमन कर्मी तुरंत हरकत में आकर आग पर काबू पाया। कमरे के भीतर दो गैस सिलेंडर को भी निकाला। फिर आग पर काबू पाया फिलहाल आग लगने का कारण अज्ञात है। पुलिस में शिकायत के बाद आगजनी के कारणों को पतासाजी किया जा रहा है।

### मनमानी : 500 से अधिक वाहन रोज कर रहे अवैध परिवहन

# दल्लीराजहरा-डौंडी में अवैध रेत खनन का जाल बेखौफ माफिया, हर दिन लाखों की राजस्व हानि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

खनिज नगरी दल्लीराजहरा और डौंडी ब्लॉक सहित जिले के विभिन्न नदी नालों में इन दिनों अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। हालात यह हैं कि शासन-प्रशासन की तमाम चेतावनियों और नियमों के बावजूद रेत माफिया बेखौफ होकर खुलेआम नदियों का दोहन कर रहे हैं। स्थानीय स्तर पर यह कारोबार इस कदर फैल चुका है कि अब रेत "सोने के भाव" बिक रही है, जबकि जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बना हुआ है।

■ राजस्व और पर्यावरण को भारी नुकसान

विश्वसनीय स्थानीय सूत्रों के अनुसार, प्रतिदिन 500 से अधिक भारी और छोटे वाहन अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर परिवहन कर रहे हैं। हाईवा जैसे भारी वाहनों से बड़े पैमाने पर रेत निकासी की जा रही है, जिससे नदियों की संरचना बुरी तरह प्रभावित हो रही है। हैरानी की बात यह है कि पूरे डौंडी ब्लॉक में एक भी वैध रेत खदान लीज में नहीं है, इसके बावजूद बड़े पैमाने पर खनन जारी है।

**छोटे परिवहनकर्ता परेशान, बड़े माफिया सुरक्षितः** स्थानीय छोटे वाहन मालिकों का कहना है कि उन्होंने कर्ज लेकर वाहन खरीदे हैं और जीविका के लिए रेत परिवहन का सहारा लिया है। लेकिन कार्रवाई केवल छोटे परिवहनकर्ताओं पर होती है, जबकि बड़े और प्रभावशाली माफिया पर कोई हाथ डालने की हिम्मत नहीं दिखाई जाती। इससे क्षेत्र में असंतोष बढ़ता जा रहा है और "फूट डालो, राज करो" जैसी स्थिति बनती जा रही है।





डौंडी क्षेत्र के धोतिमटोला, दारूटोला, साल्हे, सिंघनवाही, नर्राटोला, पचेड़ा, पटेली, पेंड्री, सिंघोला, बेलोदा और मंगलतराई सहित बालोद जिले के विभिन्न कई गांवों में नदियों और नालों को बेरहमी से खोदा जा रहा है। ग्रामीणों किशोर कुमार, रोहित, आकाश कुमार, रामलाल का कहना है कि लगातार हो रहे अवैध उत्खनन से जलस्तर गिर रहा है, खेती प्रभावित हो रही है और भविष्य में जल संकट गहराने का खतरा मंडरा रहा है।

एक ग्रामीण किसान रामेश्वर लाल ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा- दिन-रात मशीनें चल रही हैं, नदी का स्वरूप खत्म हो रहा है। शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होती। अगर यही हाल रहा तो आने वाले समय में गांवों में पानी के लिए संकट खड़ा हो जाएगा।

### राजस्व को हर दिन लाखों का नुकसान

अवैध रेत खनन के चलते सरकार को रोजाना लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। एक ही रॉयल्टी पर्ची का इस्तेमाल कर दर्जनों गाड़ियों से रेत परिवहन किया जा रहा है, जिससे नियमों की खुली धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। रेत का अवैध भंडारण कर उसे मनमाने दामों पर बेचा जा रहा है, जिससे माफिया मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। दल्लीराजहरा और डौंडी क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन केवल राजस्व का नुकसान नहीं, बल्कि पर्यावरण और भविष्य के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कड़े कदम उठाकर इस पर रोक लगाता है या फिर रेत माफिया इसी तरह कानून को चुनौती देते रहेंगे।

### संबंधित विभाग को कार्रवाई के निर्देश

अनुविभागीय दंडाधिकारी सुरेश साहू ने कहा कि आपके माध्यम से संज्ञान में आया है क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन की शिकायतें गंभीरता से ली गई हैं। संबंधित विभागों को तत्काल संयुक्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्थिति में अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नह अनुविभागीय दंडाधिकारी सुरेश साहू ने कहा कि आपके माध्यम से संज्ञान में आया है क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन की शिकायतें गंभीरता से ली गई हैं। संबंधित विभागों को तत्काल संयुक्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्थिति में अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आमजन से भी अपील है कि ऐसी गतिविधियों की सूचना प्रशासन को दें, ताकि प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

**- सुरेश साहू,** अनुविभागीय दंडाधिकारी

### प्रशासनिक कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित

हालांकि जिम्मेदार अधिकारी समय-समय पर कार्रवाई का दावा करते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आती है। अवैध उत्खनन के खिलाफ कभी-कभार दिखावटी कार्रवाई जरूर होती है, लेकिन माफियाओं का नेटवर्क इतना मजबूत है कि उन्हें पहले ही सूचना मिल जाती है और वे मौके से फरार हो जाते हैं।

### कार्रवाई की जाएगी, बड़े स्तर पर अभियान

जिला खनिज अधिकारी प्रवीण चंद्राकर ने कहा कि अवैध उत्खनन और परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभाग लगातार निगरानी कर रहा है और जहां भी शिकायत मिलती है, तत्काल कार्रवाई की जाती है। उन्होंने आगे कहा, यह सही है कि कुछ क्षेत्रों से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। विभाग ने पूर्व में भी कई वाहनों को जब्त किया है और जुर्माने की कार्रवाई की गई है। अवैध खनन में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो। आने वाले दिनों में संयुक्त टीम बनाकर बड़े स्तर पर अभियान चलाया जाएगा, जिसमें पुलिस और राजस्व विभाग की भी मदद ली जाएगी। तकनीकी निगरानी को और मजबूत किया जा रहा है ताकि माफियाओं की गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

**- प्रवीण चंद्राकर, जिला खनिज अधिकारी**

## गर्मी में राहतः रेड क्रॉस सोसाइटी ने शुरू किया निःशुल्क 'प्याऊ घर'

**डौंडीलोहारा।** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से परेशान आमजन को राहत देने के उद्देश्य से भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, शास उच्च माध्य विद्यालय भीमकन्हार द्वारा ग्राम के मुख्य मार्ग पर निःशुल्क 'प्याऊ घर' की शुरुआत की गई। इस जनहितकारी पहल का उद्घाटन सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रभु राम रात्रे के करकमलों द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, विद्यालय स्टाफ एवं रेड क्रॉस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



यहां राहगीरों और ग्रामीणों के लिए स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। यह केंद्र पूरे गर्मी के मौसम में सुबह से शाम तक लगातार संचालित रहेगा, जिससे राह चलते लोगों को राहत मिल सके। रेडक्रॉस सोसाइटी की प्रभारी योगेश्वरी भुआर्य ने बताया कि संस्था का उद्देश्य भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल लोगों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को राहत पहुंचाना है। यह पहल समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम में प्राचार्य श्री टी. एल. साहू, विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही, सोसाइटी ने सभी से जल संरक्षण करते हुए पानी का दुरुपयोग न करने की अपील भी की है।

### सही दवा, शुद्ध आहार' थीम पर 27 अप्रैल से 11 मई तक अभियान

# बालोद में खाद्य और औषधि प्रतिष्ठानों पर सख्ती, 15 दिनी विशेष जांच अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले में खाद्य एवं औशधि पदार्थों की गुणवत्ता जांच हेतु राजस्व खाद्य एवं औशधि प्रसाधन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई है।

■ खाद्य व औषधि दुकानों की गुणवत्ता की गई जांच, नमूने संग्रहित

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन के 'सही दवा, शुद्ध आहार, छत्तीसगढ़ का यही आधार' की थीम पर जिले में जनस्वास्थ्य सुरक्षा को सु–ढ करने के उद्देश्य से 27 अप्रैल से 11 मई तक विशेष 15 दिवसीय जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत मंगलवार को डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर के नेतृत्व में जिला मुख्यालय बालोद के खाद्य एवं औशधि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर वहाँ उपलब्ध खाद्य एवं औशधि पदार्थों की गुणवत्ता जांच की गई। इसके अंतर्गत अधिकारियों ने कैलाश स्टोर्स, गोविंद जनरल स्टोर्स, पूजा श्रृंगार जवाहर मार्केट बालोद, नमो कलेक्शन, मरारापारा, जय कलेक्शन, अग्रवाल सलेक्शन, बटरफ्लाई स्टोर, नारायग डेली नीड्स, आहुजा कलेक्शन एवं 04 औषधि प्रतिष्ठानों टुवानी मेडिसीन सेंटर, जैन मेडिकल स्टोर्स, साहू मेडिकल स्टोर्स, हर्ष मेडिकल स्टोर्स में सौंदर्य प्रसाधन सामाग्री के संबंध में संयुक्त निरीक्षण किया गया एवं 02 प्रसाधन सामाग्री का नमूना संकलित किया गया। टीम ने खाद्य शाखा से न्यू बस स्टैण्ड बालोद स्थित गंगोत्री डेली नीडस, प्रकाश होटल, ठाकुर पान पैलेस, अशोका बिरयानी, साहू जलेबी एवं विक्की भोजनालय खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों को नोटिस भी दिया गया। इस दौरान गंगोत्री डेली नीड्स में कालातीत सामग्रियां पाई गयी।



अधिकारियों ने कालातीत ब्रेड को मौके पर ही नष्ट कराया। अधिकारियों की टीम के द्वारा जिला मुख्यालय बालोद के पुरानी चौपाटी स्थित स्वरूप चाट कॉर्नर, यादव मुंगेडी, मनीष चाट, पुष्पाबाई गन्ना रस एवं घड़ी चौक स्थित गंगा मैय्या फल वाटिका, नमो चाय नाश्ता, छत्तीसगढ़ साहू होटल, देव फल भण्डार, आयुष पान पैलेस, तथा कला केन्द्र के पास स्थित नमन फ्रूट सेंटर, माता रानी कुल्फी, देव सोडा, कृष्णा मोमोस सेंटर, लोकेश डिकेश चाट जिग जेग फास्ट फुड का निरीक्षण कर खाद्य अनुज्ञप्ति बनाने एवं साफ–सफाई रखने के निर्देश दिए गए।

### पुलिस, नगर पंचायत व स्थानीय लोगों की मदद से आग पर पाया गया काबू

# अर्जुंदा बस स्टैंड स्थित भोजनालय में आग, पूरी दुकान जलकर खाक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

नगर अर्जुंदा के बस स्टैंड में आज दोपहर लगभग 3:45 बजे के आसपास देवांगन भोजनालय में अचानक आग लग गया। जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आसपास लगे सभी दुकानों को तत्काल खाली किया गया। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस थाना अर्जुंदा, नगर पंचायत अर्जुंदा व बिजली विभाग अर्जुंदा के कर्मचारी तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे तथा सभी के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया।

कुछ देर पश्चात अग्नि समन वाहन भी मौके पर पहुंच गया। इस आग को बुझाने में सब्जी विक्रेता रोमन सोनकर, मिथिलेश सिन्हा व कुसुम मछली के दो कर्मचारियों का और नगर पंचायत अर्जुंदा के पानी टैंकर ऑपरेटर का बहुमूल्य सहयोग रहा। आग लगने से देवांगन भोजनालय पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आपको बता दें कि देवांगन भोजनालय के संचालक प्रकाश देवांगन का पूरा परिवार का भरण पोषण इसी दुकान से होने वाले कमाई से चलता था। प्रकाश देवांगन व उनकी पत्नी प्रतिदिन इस भोजनालय में काम कर अपना जीवन यापन करते थे। इस आग लगने से उनकी रोजी-रोटी छिन गया।

## मां बहादुर कलारीन महाविद्यालय में निःशुल्क समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

मां बहादुर कलारीन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय द्वारा निःशुल्क विशेष समर कैंप 1 अप्रैल से 31 मई तक आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में आसपास के गांवों के विद्यार्थी उत्साहपूर्वक भाग महाविद्यालय संचालन समिति की सोच है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्र–छात्रएं केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि अपने व्यक्तित्व विकास, कौशल विकास एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर सकें।





इसी उद्देश्य से इस समर कैंप में व्यापम द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, स्पोकन इंग्लिश, कंप्यूटर टाइपिंग एवं कंप्यूटर बेसिक शिक्षा पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जा रही है। समर कैंप का प्रतिदिन शुभारंभ प्रार्थना एवं सुविचार के साथ किया जाता है। विद्यार्थियों को कंप्यूटर की आधारभूत जानकारी, टाइपिंग प्रशिक्षण, पी.ई.टी., बीएससी नर्सिंग, डी.एड. एवं बी.एड. सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। इसके साथ ही विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और रचनात्मक क्षमता को विकसित करने हेतु प्रत्येक शनिवार को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, रंगोली, खेलकूद, तात्कालिक भाषण, वाद–विवाद, छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता तथा टाइपिंग प्रतियोगिता जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। बच्चों को गार्डनिंग जैसी उपयोगी गतिविधियों से भी जोड़ा जा रहा है।

## अवैध शराब को लेकर पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब को लेकर पुलिस ने दो युवको को गिरफ्तार किया है। युवकों के पास से पुलिस ने 35 देशी मशाला शराब और बाइक को जब्त किया गया है। अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बाइक सवार युवको को पकड़ा है। पूछताछ करने पर युवकों ने अपना नाम शिवपारा दुर्ग निवासी देवा बघेल और राजीव नगर कार्तिक यादव उर्फ बबल बताया है। जब्त शराब की कीमत 3500 रुपए है। कुल सामानों की कीम 33,500 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आमजन से अपील करती है कि अवैध शराब बिक्री ,परिवहन जैसी गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### प्रतिभावान छात्रों को मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया

# शाला चिल्हाटीकला का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शास पूर्व माध्य व संलग्न प्राथमिक शाला चिल्हाटीकला का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन अर्चन किया गया। स्वागत भाषण के साथ शिक्षक नीलकंठ धनकर द्वारा विद्यालय के सत्र 2025-26,के शाला के गतिविधियों के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि प्राथमिक शाला में कक्षा पहली से चौथी तक कुल दर्ज 65, तथा कक्षा छठवीं में 20,व कक्षा सातवीं में 21, बच्चे स्थानीय परीक्षा में सम्मिलित हुए।

सभी बच्चों को बधाई प्रेषित करते हुए और कड़ी मेहनत कर सफलता प्राप्त करने की बात कही गई। तत पश्चात मंचासिन अतिथियों के द्वारा बच्चों को आशीर्वचन प्रदान करने के लिए मुख्य अतिथि हुमलेश्वरी भुआर्य सरपंच ग्राम पंचायत चिल्हाटीकला, विशिष्ट अतिथि रूपेश कुमार साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत चिल्हाटीकला,



लीलाधर भुआर्य अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चंचल साहू शाला प्रबंधन समिति मिडिल स्कूल चिल्हाटीकला व समिति के सदस्यों व पंच गण तथा प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र उपस्थित थे। प्राथमिक शाला के स्थानीय परीक्षा परिणाम की जानकारी प्रदान करते हुए परीक्षा प्रभारी रेखा देशमुख ने बताया कि कक्षा पहली में प्रथम सीद्धि व चिराग द्वितीय व दूसरी में प्रथम डुमिका,व तनुजा द्वितीय तथा तीसरी में प्रथम तेजल व द्वितीय पूर्वान्शी, एवं कक्षा चौथी में प्रथम छमिया व मेघा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, तथा मिडिल स्कूल के स्थानीय परीक्षा परिणाम की जानकारी प्रदान करते हुए परीक्षा प्रभारी जानकी देशमुख ने बताया कि कक्षा छठवीं में गीतिका प्रथम व हेमलता द्वितीय तथा कक्षा सातवीं में छाया पटेल प्रथम व राधा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सबसे ज्यादा शाला दिवस में उपस्थिति हेमलता को पुरस्कार प्रदान किया गया। सरपंच महोदया व उपसरपंच द्वारा सभी प्रतिभावान बच्चों को मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रूपेश कुमार साहू ने कहा कि आज बालिकाएं सभी क्षेत्रों में आगे है और हम सभी को कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ना है। मुख्य अतिथि हुमलेश्वरी भुआर्य ने बच्चों से कहा कि सभी बच्चे गुरु जनों का सम्मान करते हुए उनके बातों का अनुसरण करें व आगे बढ़े। प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र ने कहा कि सभी बच्चे अनुशासन में रहकर पढ़ाई करें और माता पिता व स्कूल का नाम रोशन करें।हम सभी आपके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं।इस कार्यक्रम में सदस्य रोहित साहू,लोमन सिंह व ओम भुआर्य व सहायक शिक्षिका हितेश्वरी साहू व सफाई कर्मचारी धर्मेंद्र साहू उपस्थित थे।इस अवसर पर महिला स्व-सहायता समूह द्वारा सेवई, पुरी, खिलाया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411